# करण के बेटे को लगता है बिग बी खत्म कर सकते हैं कोरोनावायरस

फिल्मकार करण जौहर ने अपने बेटे यश के साथ कोविड-19 पर एक नया वीडियो पोस्ट किया है, जो कहीं न कहीं अमिताभ बच्चन से भी जुड़ा हुआ है। करण ने इंस्टाग्राम पर वह वीडियो साझा किया है, जिसमें वह अपने बेटे यश से बात कर रहे हैं।

करण बेटे से पूछ रहे हैं, यश ये कोरोना का वक्त कितना बुरा है न? तुम्हें क्या लगता है इसे कौन खत्म कर सकता है? तुम्हें क्या लगता है यह कोरोनावायरस हमारी जिंदगी से जाएगा?

इस पर यश प्रतिक्रिया देते हुए कहते हैं, अमिताभ बच्चन।

थोड़ा रुकने के बाद करण फिर कहते हैं कि क्या वह बिग बी को बुलाना चाहेंगे और वह उन्हें ऐसा करने के लिए अनुरोध करता है। वह आगे बताते हैं कि यश चाहता है कि यह कोरोनोवायरस खत्म हो जाएं।

करण जब कहते हैं कि वह अमिताभ बच्चन को बुलाएंगे, इस पर यश कहता है, अमिताभ बच्चन मेरे कमरे में नहीं आ रहे हैं।

# सोनाक्षी के प्रशंसकों ने उनकी शादी को लेकर उत्सुकता जताई

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी शादी का प्लान अपने प्रशंसकों के साथ साझा की, जब प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर बातचीत के दौरान उनके व्यक्तिगत जीवन के बारे जानने की इच्छा व्यक्त की। सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम पर एक प्रश्न और उत्तर सत्र के लिए पोस्ट किया, जिसका शीर्षक था सोनाक्षी से पूछो।

जल्द ही कई प्रशंसकों ने उनकी पूछा कि वह शादी कब कर रही हैं, और क्या आप पति के नाम से शादी करेंगी (यानी शादी के बाद पति का नाम लेंगी) जिसके जवाब में अभिनेत्री ने मजाकिया अंदाज में कहा, नहीं, नाम से नहीं, बल्कि पूरे पति से शादी करूंगी। उन्होंने कहा, कहां पे मिलता है ये? कोई कोई बता दो। इतनी चिंता तो मम्मी पापा को भी नहीं रहती है।

सवाल में एक ने पूछा कि, आप बचपन में मोटी-शर्मीली रही हैं। क्या आप जिम जाती थीं? इसपर उन्होंने जवाब दिया, मैं व्यायाम नहीं करती।

# विकी कौशल ने शेयर की सनी कौशल के साथ की बचपन की तस्वीर

बॉलिवुड के उभरते हुए स्टार्स विकी कौशल और उनके भाई सनी कौशल चर्चित ऐक्टर्स में से एक हैं। हाल ही में दोनों भाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से घोषित जनता कर्फ्यू के सपॉर्ट में नजर आए थे। बता दें कि विकी कौशल और सनी कौशल बॉलिवुड के नामचीन ऐक्शन डायरेक्टर शाम कौशल के बेटे हैं।

विकी कौशल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बचपन की एक पुरानी तस्वीर शेयर की है। इसमें विकी कौशल और सनी कौशल एक साथ कुर्सी बैठे दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर में दोनों भाई काफी क्यूट लग रहे हैं। दोनों की पुरानी तस्वीर पर लोगों ने कॉमेंट करना शुरू कर दिया।

बीती 22 मार्च को जनता कर्फ्यू के दिन देशवासियों ने पीएम मोदी की अपील पर अपने घरों पर शाम 5 बजे कोरोना वायरस से लड़ने वाले योद्धाओं के लिए थाली बजाई थी। इस दौरान विकी कौशल और सनी कौशल अपने पैरेंट्स के साथ बॉलकनी में खड़े दिखाई दिए और उन्होंने भी थाली बजाई।

हाल ही में दोनों भाइयों को एक विडियो वायरल हुआ था। यह विडियो उनके फैन क्लब की तरफ से शेयर किया गया था। इस विडियो में विकी कौशल और सनी कौशल एक गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं और फिल्म ताल के सॉन्ग दिल ये बेचैन वे को इंजॉय कर रहे हैं।

# वेद एंड आर्या मेरे लिए एक खास फिल्म : सनाया ईरानी

अभिनेत्री सनाया ईरानी जल्द ही लघु फिल्म वेद एंड आर्या में नजर आएंगी, इसमें उनके विपरीत अभिनेता नकुल मेहता हैं। सनाया ने कहा, इस फिल्म में काम करने का अनुभव बेहतरीन रहा। हमने पूरी फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजे किए। इस रचनात्मकता के साथ काम करने की उर्जा ने दिल और दिमाग को तरोताजा कर दिया। आर्या का किरदार निभाकर मैं बहुत खुश हूं और इसे दर्शकों द्वारा देखे जाने का अब और इंतजार मुझसे नहीं हो रहा है।

सनाया ने आगे कहा, यह एक बहुत प्यारी फिल्म है। यह परियोजना मेरे लिए कई वजहों से खास है क्योंकि इस फिल्म के साथ मैंने पहली बार कई कामों को अंजाम दिया, जिनमें से एक है नकुल के साथ काम करना, जो मेरे काफी पुराने मित्र हैं। रितेश मेनन द्वारा निर्देशित यह फिल्म स्वीकार करने और प्यार का जश्न मनाने के बारे में है।

# बड़े पर्दे पर इम्तियाज अली के साथ काम चाहती हुं: कृति वर्मा


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बिग बॉस 12 से चर्चित हुईं कृति वर्मा आज दुनियाभर में शो कर रही हैं। दुनियाभर में उनके डांस के दीवाने हैं। फैंस उनकी तुलना शकीरा से करते हैं। कृति मानती हैं कि उनसे फैंस की काफी उम्मीदें हैं और वह उन उम्मीदों को बरकार रखने के लिए दिन राहत मेहनत कर रही हैं। वेबसीरीज से लेकर भोजपुरी सिनेमा और अब बॉलिवुड हर जगह कृति ने दस्तक दे दी है। कृति मानती हैं कि फिल्म इंडस्ट्री में गॉडफादर का होना जरूरी है। हालांकि वह कहती हैं कि अगर आपमें क्षमता है तो एक दिन आपकी सफलता तय है। कृति ने बिग बॉस के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। दुबई से लेकर श्रीलंका तक शो किए और आज भी उनकी डिमांड बनी हुई है। कृति अब बॉलिवुड में छा जाना चाहती हैं। कहती हैं, बस एक बेहतर स्क्रिप्ट की तलाश है। अपना भी दिन आएगा। कृति वर्मा वेब सीरीज को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखती हैं और मानती हैं कि इसका दायरा अभी और बढ़ेगा। बड़े पर्दे पर इम्तियाज अली के साथ काम करने की कृति वर्मा ख्वाहिश रखती हैं। कहती हैं, इम्तियाज ऐसे डायरेक्टर हैं, जिनकी कहानियां बिल्कुल सहज होती हैं। कृति कहती हैं, कार्तिक आर्यन, आयुष्मान खुराना या राजकुमार राव इनके साथ बड़े पर्दे पर मौका मिला तो प्रॉजेक्ट तुरंत लपक लूंगी। फिलहाल कृति अपने डांस शो और होस्टिंग से खुश हैं।

कहती हैं, कई ऑफर हैं। पर जब तक मैं संतुष्ट नहीं हो जाऊंगी, तब तक उन पर बात आगे नहीं बढ़ाऊंगी।

# अब पिता-बेटी वाली फिल्म में दिखेंगे अमिताभ और कटरीना

डायरेक्टर रोहित शेट्टी के साथ फिल्म सूर्यवंशी करने के बाद अब कटरीना कैफ एक कॉमिडी फिल्म करने जा रही हैं। फिल्म का डायरेक्शन विकास बहल करेंगे जिन्होंने आखिरी बार सुपर 30 बनाई थी। इसमें मेगास्टार अमिताभ बच्चन भी अहम रोल में होंगे। इससे पहले बिग बी और कैट ने फिल्म बूम में साथ काम किया था जो कि कैट की पहली फिल्म भी थी। इस बी-ग्रेड फिल्म में गुलशन ग्रोवर भी नजर आए थे।

इस डिवेलपमेंट से जुड़े एक सूत्र ने बताया, अभी फिल्म का टाइटल डेडली सोचा गया है और फिल्म की कहानी अंतिम संस्कार के इर्द-गिर्द है। कैट को फिल्म का मूल आधार पसंद आया जिसमें लीड ऐक्टर की जर्नी सेल्फ डिस्कवरी की है और इसे मजेदार तरीके से दिखाया जाएगा।

नए जॉनर्स को कर रहीं एक्सप्लोर

सूत्र ने आगे बताया, फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाएगी। यह मई में शुरू होनी थी लेकिन दुनियाभर में फैले कोरोना वायरस के कारण मेकर्स चीजों के सही होने का इंतजार कर रहे हैं। इसके बाद लोकेशन के लिए रेकी की जाएगी। कटरीना अपने मल्टी-लेयर्ड कैरक्टर के बारे में अभी पढ़ रही हैं। अपने करियर के इस फेज में वह नए जॉनर्स को एक्सप्लोर कर रही हैं।

फिल्म में अंतिम संस्कार के अलावा पिता और बेटी के रिश्ते को दिखाया जाएगा। सूत्र के मुताबिक, विकास और कटरीना ने पिता के कैरक्टर के लिए अमिताभ बच्चन से बात की है जिन्होंने फिल्म में इंट्रेस्ट दिखाया है। हालांकि, उन्होंने अभी साइन नहीं की है। तीनों ने फरवरी में कई बार मुलाकात की थी। फिलहाल फिल्म इंडस्ट्री बंद है, ऐसे में प्रॉडक्शन और कास्टिंग दोनों में देरी हो रही है।

बता दें, डेडली के बाद कटरीना एक सुपरनैचरल कॉमिडी में नजर आ सकती हैं जिसमें ईशान खट्टर और अनन्या पांडे भी अहम रोल्स में होंगे। फिल्म का टाइटल फोन भूत बताया जा रहा है। इसके बाद वह टाइगर फ्रैंचाइज के तीसरे इंस्टॉलमेंट में सलमान खान के साथ दिख सकत हैं। इसके बाद फीमेल सेंट्रिक सुपरहीरो फिल्म में भी वह दिखेंगी जिसका डायरेक्शन अली अब्बास जफर कर रहे हैं।

# दीपिका पादुकोण के इस कैरेक्टर के दीवाने हैं रणवीर सिंह

कोरोना वायरस को लेकर अधिकतर बॉलिवुड सिलेब्स इस समय अपने घर पर हैं। स्टार्स अपने घर पर क्या कर रहे हैं, इसके फोटोज और विडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं। ऐक्टर रणवीर सिंह ऐक्टिंग के साथ-साथ अपने खास अंदाज को लेकर चर्चा में रहते हैं। अब, उन्होंने अपने फैंस के लिए सोशल मीडिया पर एक चे श्चन और आंसर सेशन रखा।

रणवीर सिंह अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने फैंस के साथ चे श्चन और आंसर का सेशन रखा और उनके सवाल के जबाव दिए। इस दौरान एक फैन ने पूछा, दीपिका पादुकोण का कौन सा कैरेक्टर उनका फेवरिट है? इस पर ऐक्टर ने फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस में दीपिका के मीनाम्मा की तस्वीर शेयर की। यह उनके फेवरिट कैरेक्टर में से एक है।



एक अन्य फैन ने पूछा, चारंटाइन डेज में समय कैसे स्पेंड कर रहे हो? इस पर रणवीर सिंह ने अपनी वाइफ दीपिका पादुकोण की एक तस्वीर शेयर की है, इसमें वह पियानों बजाते नजर आ रही हैं। इसके साथ लिखा, खाना, सोना, एक्ससाईज करना और फिल्म देखना के साथ दीपिका खुद सिखा रही हैं कि पियानो कैसे बजाया जाता है।

बता दें कि बीते रविवार को जनता कर्फ्यू के दिन दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी बालकनी में आए और कोरोना वायरस वॉरियर्स के लिए चीयर किया। इसके बाद ऐक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इसके विडियो को शेयर किया था।

वर्कफ्रंट की बात करें तो रणवीर सिंह और दीपिका पादकोण फिल्म 83 में नजर आएंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन कोरोना वायरस के चलते रिलीज डेट को पोस्ट कर दिया है। कबीर खान के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म साल 1983 में भारत की क्रिकेट वर्ल्ड कप जीत पर आधारित है। इस फिल्म में रणवीर सिंह कपिल देव की भूमिका में हैं और दीपिका पादुकोण कपिल देव की पत्नी रोमी भाटिया के किरदार में नजर आएंगी। शादी के बाद यह पहला मौका होगा जब रणवीर और दीपिका एक साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे।